आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–18 जुलाई 2024 सान्ध्य समाचार

पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर–गोण्डा–बाराबंकी रेलखण्ड पर मोतीगंज– झिलाही हाल्ट स्टेशनों के बीच डाउन लाईन पर आज दोपहर बाद चंडीगढ़–डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस पटरी से उतर कर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। हादसे में ट्रेन की 5–6 बोगियों के पटरी से उतरने की सूचना है। समाचार मिलने तक मनकापुर स्टेशन से 5 किलोमीटर दूर हुई इस दुर्घटना में दो की मौत हो गयी है जबकि 20 अन्य घायल हो गये हैं। ट्रेन हादसे के कारण लखनऊ–गुवाहाटी रेलखण्ड पर ट्रेनो का आवागमन बाधित हो गया है। कई ट्रेने अलग–अलग स्टेशनों पर रोक दी गयी हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के जनसम्पर्क अधिकारी ने आकाशवाणी को बताया कि राहत और बचाव कार्य के लिए रेलवे मेडिकल वैन, 15 एम्बुलेंस और टीमें लखनऊ से मौके पर पहुंच चुकी हैं। इस बीच पूर्वोत्तर रेलवे ने यात्रियों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी किया है। हादसे से जुड़ी किसी जानकारी के लिए लखनऊ के हेल्पलाइन नम्बर–8957409292 और गोण्डा के हेल्पलाइन नम्बर–8957400965 तथा 8957407596 पर संपर्क किया जा सकता है। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्रेन हादसे का संज्ञान लेकर अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने तथा घायलों के समूचित इलाज के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अपर मुख्य सचिव गृह, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य और राहत आयुक्त कार्यालय की टीमें राहत कार्य मे जुट गयी हैं। राहत और बचाव कार्य के बीच पूर्वोत्तर रेलवे ने मार्ग परिवर्तित कर ट्रेनों का संचलन शुरू कर दिया है। पूर्वोत्तर रेलवे ने गोण्डा–गोरखपुर पैसेंजर गांड़ी संख्या 5094 और 5031 को रद्द कर दिया है जबकि सप्तक्रान्ति एक्सप्रेस, वैशाली एक्सप्रेस, बाध एक्सप्रेस, बिहार संपर्क क्रान्ति एक्सप्रेस समेत 10 ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है।

****

मेडिकल प्रवेश परीक्षा, नीट यूजी दो हजार चौबीस से संबंधित विभिन्न याचिकाओं पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चन्द्रचूड़, न्यायाधीश जेबी पारडीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, एनटीए को सभी छात्रों के अंक अपनी वेबसाइट पर जारी करने का आदेश दिया। कोर्ट ने एनटीए से कहा कि वह 20 जुलाई तक नीट देने वाले सभी परीक्षार्थियों के अंक केन्द्रवार और शहरवार ऑनलाइन जारी करे। इस प्रक्रिया में छात्रों की पहचान उजागर न की जाए। इस मामले में अगली सुनवाई 22 जुलाई को होगी।

****

22 जुलाई से प्रांरभ हो रहे पवित्र सावन माह में बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन करने के लिए वाराणसी आने वाले श्रद्धालुओं के लिए काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट की ओर से नए दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि सावन माह के प्रत्येक सोमवार को सभी तरह के दैनिक पास निरस्त रहेगें। इस दिन मंदिर के अंदर लॉकर की सुविधा भी नही मिलेगी। सोमवार को गर्भगृह में स्पर्श दर्शन को पूरी तरह से बंद करने का फैसला लिया गया है। उधर सावन माह में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी रहेगी। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी।

****

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के नित्य दर्शन के लिए अनुमति पत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे के बीच राम कचहरी आश्रम, रामकोट स्थित ट्रस्ट के कैंप कार्यालय या रामपथ पर स्थित तीर्थ यात्री सेवा केन्द्र पर आवेदन कर अनुमति पत्र प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अनुमति पत्र छह माह के लिए वैध होगा।

****

प्रदेश में हरित क्षेत्र का दायरा बढ़ाने के लिए "पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ अभियान" के अंतर्गत इस साल 36 करोड़ से अधिक पौधे रोपे जाएंगे। इस अभियान में सरकार, प्रदेश के एक्सप्रेसवेज को भी हरा–भरा बनाएगी। प्रदेश के चार एक्सप्रेस–वे पर दो लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में भी एक लाख पौधे रोपे जाएंगे। निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस–वे के किनारे 500 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधरोपण एवं उनके 10 वर्षीय देख–रेख के लिए यूपीडा की ओर से उत्तर प्रदेश वन विभाग को 36 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर 15 हजार, पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर 1 लाख 6 हजार, बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे पर 25 हजार, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे पर 91 हजार 600 पौधे रोपे जाएंगे।

****

एक जिला एक उत्पाद योजना में शामिल टेराकोटा शिल्प के कारीगरों का हुनर निखारने और उनके उत्पाद को बड़ा बाजार उपलब्ध कराने के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक, सिडबी की तरफ से गोरखपुर के भरवलिया में कॉमन फैसिलिटी सेंटर, सीएफसी की स्थापना की जाएगी। सिडबी लखनऊ रीजन के महाप्रबंधक मनीष सिन्हा ने बताया कि सीएफसी के जरिये नए लोग भी प्रशिक्षण लेकर टेराकोटा के कारोबार से जुड़ सकेंगे।

****